**N.C.R.B (एन.सी.आर.बी)**

**I.I.F.-I (एकीकृत जाँच फार्म -I)**

# FIRST INFORMATION REPORT

## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट

## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

**1. District (जिला):** रायपुर **P.S. (थाना):** तेलीबांधा **Year (वर्ष):** 2024

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0525 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 06/08/2024 22:30

**2.**

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | भा दं सं 1860 | 420 |
| 2 | भा दं सं 1860 | 467 |
| 3 | भा दं सं 1860 | 468 |
| 4 | भा दं सं 1860 | 471 |
| 5 | भा दं सं 1860 | 506 |
| 6 | भा दं सं 1860 | 120-B |

**3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

**1. Day (दिन):** दरमियानी दिन

**Date From (दिनांक से ):** 10/07/2023 **Date To ( दिनांक तक ):** 17/07/2023

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से ):** 16:23 बजे

**Time To (समय तक):** 18:06 बजे

**(b)Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ):**

**Date (दिनांक ):**06/08/2024 **Time (समय):** 22:30 बजे

**(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ ): Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 006

**Date & Time (दिनांक और समय):** 06/08/2024 22:30 बजे

**4.Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

**5. Place of Occurrence (घटनास्थल):**

**1. (a) Direction and distance from P.S.(थाना से दूरी और दिशा ):** पूर्व, 2 किमी

**Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** रोमान्स क्यु विला अपार्टमेंट बी 402 लाभांडी रायपुर छ0ग0

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर है तो):**

**Name of P.S.(थाना का नाम):**

**District(State) (ज़िला (राज्य)):**

**6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**

(a) **Name (नाम):** अजय कुमार

(b) **Father's Name (पिता का नाम) :** स्व0 श्री देवराज सिंह

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष ):** 1990

(d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** भारत

(e) **UID No. (यूआईडी सं॰):**

(f) **Passport No.(पासपोर्ट सं॰):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):**

**Place of Issue (जारी करने का स्थान ):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN)**

| S.No. (क्र.सं.) | Id Type (पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | | |

(h) **Address (पता):**

| S.No.(क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | फ्लैट नंबर डीसी- 03/201,डेल कोर्ट 3, जेपी ग्रीन्स,ग्रेटर नोएडा, यूपी, नॉलेज पार्क,गौतम बुद्ध नगर,उत्तर प्रदेश,भारत |
| 2 | स्थायी पता | फ्लैट नंबर डीसी- 03/201,डेल कोर्ट 3, जेपी ग्रीन्स,ग्रेटर नोएडा, यूपी, नॉलेज पार्क,गौतम बुद्ध नगर,उत्तर प्रदेश,भारत |

(i) **Occupation (व्यवसाय):**

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9456000000

**7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | के0के0 श्रीवास्तव | | | 1. सुभाष कम्प्लेक्स, प्रथम तल,,राजीव गांधी चौ बिलासपुर,सिटी कोतवाली,बिलासपुर,छत्तीस भारत |
| 2 | कंचन श्रीवास्तव | | | 1. अज्ञात ,अज्ञात |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

पैसा वापस करने के आश्वासन के कारण

**9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति का प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|

**10. Total value of property (In Rs/-)-सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण सं., यदि कोई हो ):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू॰डी॰प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य ):**

मैं ग्रेटर नोएडा उ0प्र0 का रहने वाला हु रावत एसोसिएट मे एडमिन मैनेजर के पद पर कार्यरत हू मेसर्स रावत एसोसिएट का मालिक अर्जुन रावत है जिनका हेड आफिस फ्लैट न0 डी सी 03/201 डेलकोट 3 जे पी ग्रीन्स ग्रेटर नोएडा उ0 प्र0 मे है तथा रोमान्स क्यु विला अपार्टमेंट बी 402 लाभांडी रायपुर छ0ग0 मे भी रावत एसोसिएट का आफिस है। हमारे कंपनी द्वारा हाईवे कंट्रक्शन, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, रोड कंट्रक्शन, सरकारी बिल्डिंग का निर्माण इत्यादि काम किया जाता है हमारे कंपनी मालिक अर्जुन रावत का आचार्य प्रो0 कृष्णम के माध्यम से के0 के0 श्रीवास्तव से रायपुर में जान पहचान हुई थी जो माह जुन 2023 में के0 के0 श्रीवास्तव रोमान्स क्यु विला अपार्टमेंट लाभांडी रायपुर आफिस मे आये और मालिक अर्जुन रावत को बताये कि रायपुर स्मार्ट सिटी बनाने का प्रोजेक्ट बडे राजनेता के भाई ने प्रोजेक्ट लिया है, जो 500 करोड रूपया का है,उक्त प्रोजेक्ट को सबलेट करना चाहते है जिसके लिए सरकार को 15 करोड की राशि परफांमेंस सिक्युरिटी एवं गारंटी मनी के रूप मे जमा करना पडेगा बताया के0के0 श्रीवास्तव के द्वारा प्रोजेक्ट के फर्जी दस्तावेज भी दिखाये तब के0के0 श्रीवास्तव की बातो को विश्वास कर उक्त प्रोजेक्ट मे काम करने तैयार होने पर के0के0 श्रीवास्तव के द्वारा विभिन्न एकाउंट नंबर देकर 15 करोड ट्रांसफर करने पर उक्त रायपुर स्मार्ट सिटी का पूरा ठेका आपके कंपनी को मिल जाएगा कि सहमति होने पर के0 के0 श्रीवास्तव के बताये एकाउंट न0 149005002680, 500000097861, 002605015885 , 10126077433, 001063400007942 मे दिनांक 10 जुलाई 2023 से 17 जुलाई तक 15 करोड रूपया भेजने के बाबजुद के0 के0 श्रीवास्तव द्वारा उक्त रकम की प्राप्ति होने के बाद भी रायपुर स्मार्ट सिटी का ठेका नही दिलवा कर 15 करोड रूपये की ठगी की गयी है। 15 करोड रूपया को मांगने पर नही लौटा कर अर्जुन रावत और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी है एवं छ0ग0 सरकार के साथ हमारे कंपनी ग्लोमैक्स इंडिया के नाम से एक फर्जी मेमोरेण्डम तैयार कर व्हाटसअप के जरिये रावत जी को भेजे है। के0 के0 श्रीवास्तव एवं कंचन श्रीवास्तव के द्वारा आपराधिक विश्वासघात करके फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश रचकर 15 करोड रूपया लेकर स्मार्ट सिटी का ठेका नही देकर कंपनी के साथ छल कपट कर धोखाधाडी कर रकम गबन किया है कंपनी के मालिक अर्जुन रावत के निर्देश पर उनके द्वारा आवेदन पत्र को थाना में लाकर लिखित एवं हस्ताक्षरित आवेदन पेश कर रहा हूं, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत कंपनी मालिक अर्जुन रावत के आवेटन अवलोकन पर प्रथम दृष्टया पर धारा 420,467,468,471,506,120बी भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया लिखित आवेदन नकल जैल है :- सेवा में, श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जी. रायपुर, छत्तीसगढ विषयः- कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी करने, आपराधिक विश्वासघात करने, फर्जी दस्तावेज बनाकर जालसाजी करने, गिरोह बनाकर अपराधिक साजिश रच 15 करोड़ की लुट कर मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ शिकायत पत्र। महोदय/महोदया,पूरे सम्मान के साथ यह प्रस्तुत है कि नीचे हस्ताक्षरित मैं अर्जुन रावत, रावत एसोसिएट्स का मालिक, निवासी फ्लैट नंबर डी.सी.-03/201, डेल कोर्ट 3, जे.पी. ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा, यूपी, कार्यालयः रोमनसेक विला और अपार्टमेंट, बी-402, पुरेना लाभांडीह, रायपुर छत्तीसगढ़ 492006 पर रहता हूं। मैं पिछले 30 वर्षो से सरकारी ठेके लेता हूं और कंस्ट्रक्शन काम करता हूं जैसे हाईवे कंस्ट्रक्शन, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ,रोड कंस्ट्रक्शन, सरकारी बिल्डिंगों का निर्माण इत्यादि। मैंने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने व्यापार को पिछले तीन दशकों में अच्छे मुकाम तक पहुंचाया है। मैं आपको मेरे साथ हुई आपराधिक घटना से अवगत कराना चाहता हूं। 1. यह कि पिछले वर्ष 2023 में मैं आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णन से मिला जिनसे मेरे पिछले कई वर्षो से मधुर संबंध है, जून माह 2023 में मेरी उनसे मेरे व्यापार के विषय में

डिटेल में चर्चा हुई उन्होंने मुझे कहा कि मैं अपने कुछ खास लोगों से आपको मिलवाऊंगा जो मुझे मेरे व्यापार को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने मुझे अपने साथ रायपुर छत्तीसगढ़ चलने के लिए कहा, 2. यह कि मैं आचार्य प्रमोद कृष्णन जी के साथ दिनांक 24 जून 2023 को सुबह 11:55 की इंडिगो फ्लाइट संख्या 6e 204 लेकर रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुआ जहां मैं करीब 2:00 बजे पहुंचा और वहां पर आचार्य प्रमोद कृष्णन ने मुझे क्लार्क इन रायपुर स्थित होटल कृष्ण कुमार श्रीवास्तव नामक व्यक्ति से मिलवाया , 3. यह कि कृष्ण कुमार श्रीवास्तव (इसके बाद के.के. श्रीवास्तव) निवासी सुभाष कम्प्लेक्स, प्रथम तल, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर, मसानगंज, छत्तीसगढ़ 495001 ने खुद को छत्तीसगढ़ के बड़े राजनेता के विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) / निजी सहायक बताया। के0के श्रीवास्तव ने मुझे कई प्रोजेक्ट के बारे में बताया और कहा कि मैं आपके व्यापार में बहुत मदद कर सकता हूं, उसके बाद मै आचार्य प्रमोद कृष्णन जी के साथ अगले दिन रायपुर से दिल्ली वापस आ गया ,4. यह कि उसके बाद के के श्रीवास्तव मुझे लगातार संपर्क करने लगा और उसने कई बार व्हाटसअप और मेरे नंबर पर फोन किया वह मेरे रायपुर स्थित कार्यालय पर भी आया उसने बताया कि छत्तीसगढ सरकार के पूर्व मंत्री के भाई असगर ने रायपुर स्मार्ट सिटी बनाने का प्रोजेक्ट लिया है जो करीब 500 करोड रूपया का है और वह प्रोजेक्ट को सबलेट करना चाहते है प्रोजेक्ट लेने के लिये उन्होने सरकार को 15 करोड रूपये की राशि परफर्मेस सिक्योरिटी और गारंटी मनी के रूप मे जमा करायी है ,के0के श्रीवास्तव ने मुझे प्रोजेक्ट के फर्जी दस्तावेज भी दिखाए जिससे मुझे यकीन हो गया की प्रोजेक्ट के के श्रीवास्तव ने मुझे दिलवा सकता है, 5. यह कि के के श्रीवास्तव ने मुझे बताया की जिसे टेंडर मिला है उन्होंने सरकार को सिक्योरिटी के रूप में 15 करोड रुपए जमा कराए हैं अगर मैं 15 करोड रुपए दे दूंगा तो पूरा ठेका मेरी फर्म को मिल जाएगा , 6. यह कि के के श्रीवास्तव ने मुझे बताया कि वह मुझे कुछ अकाउंट नंबर भेजेगा अगर मैं रुपया उन अकाउंट नंबर में ट्रांसफर कर दूंगा तो वह ठेका पूरा मुझे मिल जाएगा, 7. यह कि उसने मेरे पास पांच अलग-अलग फर्म के नाम के अकाउंट नंबर भेजें जिसमें दिनांक 10 जुलाई 2023 से 17 जुलाई 2023 तक मैंने अपने अकाउंट से पूरे 15 करोड़ रुपए भिजवा दिए। Date Name 10.07.2023 NS ENTERPRISES 1,00,00,000 10/07/2023 NS ENTERPRISES 149005002680 50,00,000 10/07/2023 RH INTERNATIONAL 500000097861 50,00,000 10/07/2023 RH INTERNATIONAL 50000097861 50,00,000 10/07/2023 RH INTERNATIONAL 500000097861 50,00,000 ,10/07/2023 SUHANA ENTERPRISES 002605015885 50,00,000 10/07/2023 SUHANA ENTERPRISES 002605015885 50,00,000, 10/07/2023 SUHANA ENTERPRISES 002605015885 50,00,000 ,10/07/2023 SUHANA ENTERPRISES 002605015885 50,00,000, 15/07/2023 ARROWJET ENTERPRISES 10126077433 3,00,00,000 , 17/07/2023 ARROWJET ENTERPRISES 10126077433 75,00,000 ,17/07/2023 ARROWJET ENTERPRISES 10126077433 75,00,000 , 17/07/2023 ARROWJET ENTERPRISES 10126077433 ,50,00,000 17/07/2023 DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 90,00,000 , DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 90,00,000 , DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 90,00,000 ,DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 90,00,000 ,DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 90,00,000 , DP OCEAN ENTERPRISES 001063400007942 50,00,000

TOTAL RS 15,00,00,000 यह कि मुझे बाद में पता चला कि अलग-अलग नाम से यह अकाउंट के0के0 श्रीवास्तव ने खुलवाए थे और यह सभी फर्जी अकाउंट सिर्फ मेरे साथ जालसाजी करने के मकसद से खोले गए थे उन सभी अकाउंटों से मेरे द्वारा भेजी गई राशि कुछ ही दिनों में निकाल कर अकाउंट खाली कर दिए गए, 9. यह कि के के श्रीवास्तव ने मेरा विश्वास जीतने के लिए मुझे जीएसटी नंबर और पीडब्ल्यूडी का सर्टिफिकेट बनवाने के लिए भी कहा और यह दोनों सर्टिफिकेट मुझे बनवा कर दिए , 10. यह कि सारी रकम जाने के बाद भी जब मेरे नाम में रायपुर स्मार्ट सिटी का ठेका नहीं आया तो मैंने के0के0 श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत करने की बात के के श्रीवास्तव से कहीं तब के के श्रीवास्तव ने मुझे 125 एकड़ जमीन दिलवाने का भरोसा दिया और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मेरी कंपनी ग्लोमेक्स इंडिया के नाम एक फर्जी मेमोरेंडम तैयार किया उन फर्जी दस्तावेजों पर सभी हस्ताक्षर और उसके साथ संल्गन सभी दस्तावेज फर्जी थे, यह फर्जी दस्तावेज के के श्रीवास्तव ने मेरे व्हाट्सएप पर 4 अगस्त को भेजा जिसकी कपी में शिकायत पत्र के साथ आपको दे रहा हूं, 11. यह कि जब 15 दिन तक मेरे नाम में टेंडर नहीं आया तो के के श्रीवास्तव ने मेरी छत्तीसगढ़ के सबसे बडे नेता के साथ मुलाकात करवाई जो मुझे 10 अगस्त 2023 को मिले और उन्होंने कहा कि के0के श्रीवास्तव विश्वास वाले व्यक्ति हैं और जो भी काम के के श्रीवास्तव ने कहा है वह काम हो जाएगा मै बिल्कुल भी चिंता ना करू मुझे नहीं पता था कि यह सब मिली भगत थी और मेरे पैसे हड़पने की पूरी तरह साजिश की गई थी, 12. यह कि मैंने उसके बाद के के श्रीवास्तव से ठेका न मिलने पर अपनी रकम वापस देने की प्रार्थना की के के श्रीवास्तव ने वादा किया कि 17 सितंबर 2023 तक वह पूरी रकम लौटा देगा, 13. यह कि जब मैने पुलिस केस करने के लिए बोला तो के के श्रीवास्तव ने मुझे अलग अलग तारीखों में कंचन श्रीवास्तव और अन्य अकाउंट में 3 करोड़ 40 लाख रुपए की रकम लौटाई जिन अकाउंट में मैंने पैसे जमा किए थे उनमें से कोई भी रकम मेरे पास नहीं आई, DATE NAME RECEIVED IN A/C NO AMOUNT 13/09/2023 KANCHAN SHRIVASTAV 4053009000000058 20,00,000, 14/09/2023 KANCHAN SHRIVASTAV 4053009000000058 1,20,00,000, 21/10/2023 NEON ENTERPRISES 6420009300000109 25,00,000 , 21/10/2023 SATYAM ENTERPRISES 6420009300000109 10,00,000 21/10/2023 SATYAM ENTERPRISES 6420009300000109 29,50,000 , 21/10/2023 SATYAM ENTERPRISES 6420009300000109 20,00,000 ,21/10/2023 SATYAM ENTERPRISES 6420009300000109 15,50,000 ,31/10/2023 CRYSTAL IMPEX 6420009300000109 10,00,000 ,31/10/2023 CRYSTAL IMPEX 6420009300000109 30,00,000 , 31/10/2023 CRYSTAL IMPEX 6420009300000109 10,00,000 , 31/10/2023 HEXA TRADERS 6420009300000109 10,00,000 ,31/10/2023 HEXA TRADERS 6420009300000109 25,00,000 ,31/10/2023 HEXA TRADERS 6420009300000109 15,00,000 TOTAL RS 3,40,00,000 14. यह कि कंचन श्रीवास्तव और अन्य फर्म जिसके अकाउंट में मेरे पास पैसे आए वह भी इस मिली भगत और साजिश में पूरी तरह शामिल है, 15. यह कि जब मैने बाकी रुपए मांगने शुरू किया तब के के श्रीवास्तव ने मुझे तीन-तीन करोड रुपए के तीन चेक संख्या 000455, 000456, 000457 तारीख 04/01/2024और 08/01/2024अपने द्वारा हस्ताक्षर कर दिए और मुझसे कहा कि बकाया राशि डेढ़ महीने में 10 जनवरी से मार्च 2024 तक लौटा दूंगा , 16. यह कि मैंने 30 मार्च 2024 को उसे व्हाट्सएप पर मैसेज किया कि मैं

तीन चेक डाल रहा हूं और मैंने तीनों चेक बैंक में भेज दिए तीनों चेक बैंक के द्वारा लौटा दिए गए और उसका बैंक ने लिखित जवाब दिया कि चेक देने वाले ने चेक पर पेमेंट स्टप की हुई थी. मैने चेक वापिसी का लीगल नोटिस भी के के श्रीवास्तव को भेज दिया, 17. यह कि उसके बाद व्हाट्सएप पर बातचीत में उसने मुझे कई बार गुमराह करने की कोशिश की और तरह-तरह के बहाने लगाएं उसने मुझे कई फर्जी सरकारी दस्तावेज भी दिखाएं और कई प्रपर्टी के कागज भी दिखाएं और कहा कि मैं यह सब आपको देकर आपकी रकम की भरपाई करवा दूंगा ,18. यह कि अभी तक के के श्रीवास्तव ने मेरी  कोई भी रकम नहीं लौटाई है और मेरे बार-बार मांगने पर उसने मुझे धमकी दी कि उसके नक्सली और सरकार के राजनीतिक लोगों से बहुत बड़े-बड़े सबंध है वह मुझे रायपुर में ही मरवा देगा और मेरे परिवार और मुझे जान से मरवाने में उसे वक्त नहीं लगेगा, 19. यह कि के के श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव और कुछ बड़े राजनीतिक लोगों ने मिलकर गिरोह बनाकर साजिशन मेरी रकम का गमन किया है और झूठे फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाकर मुझसे विभिन्न फर्जी अकाउंट में 15 करोड रुपए की राशि ली है और 9 करोड के चेक देकर चेक भी वापस करा दिए हैं। मुझे पता चला कि इस तरह का गिरोह बनाकर के0के श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव ने कई राजनीतिक लोगों के साथ मिलकर और भी व्यापारियों के पैसों की लूट की है और यह गिरोह बंद तरीके से व्यापारियों और मेरे जैसे काम करने वाले व्यक्तियों के पैसों की लूट कर रहे हैं। महोदय आपसे प्रार्थना है कि कृष्ण कुमार श्रीवास्तव उर्फ के के श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव एवं अन्य व्यक्तियो के खिलाफ़ मेरे साथ धोखाधड़ी करने, सरकार के फर्जी दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक विश्वासघात करने, गिरोह बनाकर मेरे साथ साजिशन सोच समझ कर अपराध कर 15 करोड रुपए की लुट करने और मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का अपराध करने पर कानून की उपयुक्त धारा लगाकर कर प्राथमिकी दर्ज की जाए और उपरोक्त सभी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। हस्ताक्षर अस्पष्ट प्रार्थी (अर्जुन रावत)

**13. Action taken:Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है |)**

**(1) Registered the case and took up the investigation: (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया ): or** VINAY SINGH BAGHEL (I (Inspector)) /

**(2) Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):**
**Rank (पद):** **No.( सं.):**
**to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया)**
**or (या)**

**(3) Refused investigation due to (जांच के लिए ):**

**or (के कारण इंकार किया या)**

**(4) Transferred to P.S.(थाना):**
**District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

**F.I.R. read over to the complainant / informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant / informant free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |)**

**R.O.A.C.(आर. ओ .ए .सी.)**

**14.Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**15.Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** VINAY SINGH BAGHEL
**Rank(पद):** I (Inspector)
**No.(सं.):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**
**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**
**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण : (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पुरुष | | | | | |
| 2 | पुरुष | | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा/बोली) | Place Of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान ) | Leucoderma(लुकोदेर्मा (सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव ) | Tattoo (गूदे हुए का ) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)